स्वच्छता ही सेवा अभियानः रेलकर्मियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

नवज्योति/जोधपुर। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल में 'स्वच्छता ही सेवा अभियान-2026' के तहत गुरुवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने अधिकारियों एवं रेल कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस मौके मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने कहा, स्वच्छता केवल एक अभियान तक सीमित नहीं रहकर हमारी कार्यशैली और दैनिक जीवन का हिस्सा बननी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं सुंदर कार्यालय न केवल बेहतर कार्य वातावरण देता है, बल्कि इससे कार्य के प्रति सकारात्मक माहौल भी बनता है। मंडल रेल प्रबंधक ने सभी अधीनस्थ कार्यालयों को निर्देश दिए , कि अगले तीन दिन में अपने-अपने कार्यालयों की विशेष सफाई करवा उन्हें स्वच्छ, व्यवस्थित एवं सुंदर बनाएं। उन्होंने कार्यालयों में अनावश्यक सामग्री हटाने, रिकॉर्ड एवं सामान को व्यवस्थित रखने तथा कार्यालय परिसर में स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

विशेष अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कार्यालय होंगे पुरस्कृतः डीआरएम त्रिपाठी ने कहा, स्वच्छता ही सेवा के तहत विशेष अभियान में अपने कार्यालय को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में विशेष एवं विशिष्ट स्थान प्राप्त करने वाले कार्यालयों का निरीक्षण/विजिट किया जाएगा तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कार्यालयों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने सभी रेल कर्मचारियों से स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए अपने कार्यस्थल को स्वच्छ एवं आकर्षक बनाने का आह्वान किया।

महिला आईटीआई में साइबर सुरक्षा व सतर्कता विषयक सेमिनार आयोजित

[illegible] सतर्कता आयोग के कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत बीएसएनएल जोधपुर की ओर से सतर्कता अधिकारी चंद्र प्रकाश, एसडीई (विजिलेंस) के दिशा निर्देशन में आईटीआई महिला कॉलेज, जोधपुर में छात्राओं के लिए साइबर सुरक्षा एवं सतर्कता जागरूकता विषय पर सेमिनार एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सेमिनार में चंद्र प्रकाश द्वारा छात्राओंको साइबर अपराध, ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, ट्रोजन हॉर्स, रैंसमवेयर, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग एवं व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही मजबूत पासवर्ड, एमएफए, फायरवॉल, वीपीएन एवं जीरो ट्रस्ट मॉडल की जानकारी दी गई। साइबर फ्रॉड होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं cybercrime . gov .in पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी गई। साइबर सुरक्षा विषय पर व्याख्यान एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर सहायक निदेशक प्रशिक्षण मनीष सिंवर, समूहअनुदेशक नरेंद्र सिंह गौड़, अनुदेशक नटवर सिंह, अनुदेशक नेहा कंवर एवं एएओ रतनलाल उपस्थित रहे। कॉलेज प्रशासन ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए छात्राओं से डिजिटल माध्यमों का सतर्क एवं जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने का आह्वान किया।

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर

ई-निविदा 15, 16 व 17/2026-27

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा Lab Equipment, Electronics & Furniture की खरीद के लिए ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी विस्तृत विवरण एवं जानकारी **www.sppp.rajasthan.gov.in** एवं **https://eproc.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध है।

Tender No.	UBN	Eproc ID
E-15/2026-27	JAU2627GLOB00096	2026_AGUJD_598319_1
E-16/2026-27	JAU2627GLOB00097	2026_AGUJD_598329_1
E-17/2026-27	JAU2627GLOB00098	2026_AGUJD_598344_1

नियंत्रक (वित्त)
कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर

राज.संवाद/सी/26/10610

DNJ-412036

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर
कार्यालय भू-सम्पदा अधिकारी

ई-निविदा सूचना संख्या 06/2026-27

कार्यालय भू–संपदा अधिकारी, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा निम्न कार्यो हेतु उपयुक्त श्रेणी के समकक्ष संवेदक जो कि राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के विभिन्न विभागों में पंजीकृत हो, हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित पूर्ण विवरण वेब साईट **www.aujodhpur.ac.in, www.sppp.rajasthan.gov.in** तथा **www.eproc.rajasthan.gov.in** पर देखा जा सकता है।

UBN No. JAU2627WSOB00093, JAU2627WSOB00094

राज.संवाद/सी/26/10613 — **भू-सम्पदा अधिकारी**

DNJ-412039

परिशिष्ट IV-A

अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

सिक्युरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के नियमों को पढते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रशन ऑफ फायनांशियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गॅरेन्टर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडिया एसएमई एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड [CIN : U67190MH2008PLC181062] (''सुरक्षित लेनदार द्वारा'')** द्वारा **वास्तविक कब्जा** लिया जा चुका है, **21.10.2026** को **शाम 05.00 बजे से 06.00 बजे** तक **''जहां है'', ''जैसा है'' और ''जो कुछ भी है''**, की वसूली के लिए **ऋण खाता नं. HLLAJOD00463876** के लिए **रु. 20,36,343/- (रुपए बीस लाख छत्तीस हजार तीन सौ तैंतालीस मात्र)** के लिए **10.08.2026** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंब शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य सम्बन्धित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागू भावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **11.08.2026** से प्रभावी जो **मनीष कुमार वर्मा (प्रोपराइटर, श्री कृष्णा टेक्स प्रिंट्स) और नीलम वर्मा** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा।

ऋण खाता क्रमांक **HLLAJOD00463876**, इसके समस्त अधिकार (अधिकारों), शीर्षक (शीर्षकों), हित (हितों), अंतर्निहित प्रतिभूति (प्रतिभूतियों), गिरवी और/या गारंटी, जिसमें अचल संपत्ति भी शामिल है, को सम्मान फिनसर्व लिमिटेड **(''एसएफएल'')** (पहले इंडियाबुल्स कमर्शियल क्रेडिट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) द्वारा असाइनमेंट एग्रीमेंट दिनांक **26.12.2025** के माध्यम से **आईएसएआरसी – 2025-2026-5 ट्रस्ट के ट्रस्टी** के रूप में कार्य कर रहे सुरक्षित लेनदार को और उनके पक्ष में सौंप दिया गया है। सुरक्षित लेनदार ने विधिवत रूप से एसएफएल से वित्तीय सुविधा का अधिग्रहण कर लिया है और इस प्रकार, वह ऋण समझौते और अन्य संबंधित ऋण दस्तावेज (दस्तावेजों) की शर्तों के अनुसार अपनी बकाया राशि की वसूली करने और/या अचल संपत्ति के संबंध में सुरक्षा हित को लागू करने के लिए सभी शक्तियों से संपन्न और हकदार है।

अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य **रु. 15,20,000/- (रुपए पंद्रह लाख बीस हजार मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(''ईएमडी'') रु. 1,52,000/- (रुपए एक लाख बावन हजार मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य के 10% के बराबर होगा।

अचल संपत्ति का वर्णन

मकान बेअरिंग नंबर 3/129 के सभी भाग और खंड, क्षेत्रफल 330.75 वर्ग फीट, कमला नेहरू नगर, हाउसिंग बोर्ड, पाली–306001, राजस्थान। सीमाएं इस प्रकार हैं :

उत्तर	: मकान नंबर 3/128	दक्षिण	: मकान नंबर 3/130
पूर्व	: सार्वजनिक सड़क	पश्चिम	: मकान नंबर 3/108

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.isarc.in देखें; हेल्पलाइन नंबर : 0124-6910910, +91 7065451024; ई–मेल आईडी : auctionhelpline@sammaancapital.com। बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।

सही/–
प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक : 16.09.2026 — इंडिया एसएमई एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड
स्थान : पाली — आईएसएआरसी - 2025-2026-5 ट्रस्ट के ट्रस्टी

DNA412049

मामले की अगली सुनवाई 6 अक्टूबर 2026 को होगी

हाईकोर्ट भवन निर्माण मामले में आठ आरोपियों को अंतरिम जमानत

विधि संवाददाता/ जोधपुर। राजस्थान हाईकोर्ट के जोधपुर स्थित भवन में निर्माण संबंधी संरचनात्मक खामियों से जुड़े मामले में हाईकोर्ट ने आठ आरोपियों को अंतरिम जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। मुख्य न्यायाधीश संजय के. अग्रवाल और न्यायाधीश विनीत कुमार माथुर की खंडपीठ ने जमानत अर्जियों पर सुनवाई करते हुए आदेश दिया। कोर्ट ने कहा, यह अंतरिम राहत राज्य सरकार की ओर से दाखिल किए जाने वाले जवाब और सुप्रीम कोर्ट में लंबित एसएलपी के परिणाम के अधीन रहेगी। मामला हाईकोर्ट प्रशासन की ओर से कुड़ी भगतासनी थाने में 12 नवंबर 2024 को दर्ज कराई गई एफआईआर संख्या 0411/2024 से संबंधित है। एफआईआर में भारतीय दंड संहिता की धारा 420 और 488 के तहत मामला दर्ज किया गया था। बाद में धारा 409, 336, 120बी और 166ए भी जोड़ी गईं। मामला हाईकोर्ट भवन में निर्माण कार्य के दौरान सामने आई संरचनात्मक विफलताओं से जुड़ा है। सुनवाई के दौरान आरोपियों की ओर से सुप्रीम कोर्ट के 15 सितंबर 2026 के आदेश का हवाला दिया गया। अधिवक्ताओं ने बताया , कि समान स्थिति वाले वरिंदर कुमार गर्ग को सुप्रीम कोर्ट ने राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया था, कि यदि वरिंदर कुमार गर्ग को संबंधित आदेश के अनुपालन में हिरासत में लिया गया है तो उसे आगे के आदेशों के अधीन तत्काल रिहा किया जाए। आरोपियों की ओर से इसी आधार पर समान राहत देने का आग्रह किया गया। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद सहित अन्य अधिवक्ताओं ने पक्ष रखा। राज्य की ओर से बताया गया, कि एक आवेदक के मामले में जवाब दाखिल किया जा चुका है, जबकि अन्य मामलों में जवाब दाखिल करने और केस डायरी पेश करने के लिए समय मांगा गया। कोर्ट ने राज्य को जवाब दाखिल करने के लिए समय प्रदान किया।

इसके बाद खंडपीठ ने सुप्रीम कोर्ट के 15 सितंबर के आदेश को ध्यान में रखते हुए वर्तमान आवेदकों को भी समान अंतरिम राहत देना उचित माना। जमानत पाने वालों में राजेश चंद्र पुरोहित, शिव हरे महौर, अजित कुमार सांघी, रामेश्वर दयाल खंडेलवाल, गोपाललाल खंडेलवाल, अजय किशन मूथा, नवीन चंद्र के. राय और दीपक कुमार मित्तल शामिल हैं। कोर्ट ने प्रत्येक आरोपी को एक लाख रुपए का व्यक्तिगत बॉन्ड तथा 50-50 हजार रुपए के दो सक्षम जमानती बॉन्ड प्रस्तुत करने पर रिहा करने का निर्देश दिया। जमानत की शर्तें ट्रायल कोर्ट की संतुष्टि के अनुसार पूरी करनी होंगी। कोर्ट ने स्पष्ट किया, कि अंतरिम जमानत का आदेश राज्य के जवाब और सुप्रीम कोर्ट में लंबित एसएलपी के परिणाम के अधीन रहेगा। मामले की अगली सुनवाई 6 अक्टूबर 2026 को होगी।

उत्तर पश्चिम रेलवे
यांत्रिक कार्य के लिए ई निविदा वर्ष 2026–27

NIT No.: 23/2026-27-CW, **कार्य का नाम स्थान अवधिः** Design, Supply, installation & Commissioning of Store with racking system, **कार्य की अनुमानित लागतः** ₹ 3,59,26,032.80/–, **बयाना राशि जो कि जमा करानी हैः** ₹ 7,18,600/–, **टेण्डर प्रस्तुत करने एवं टेण्डर खुलने का समय व दिनांकः** 15:00 बजे, दिनांक 28.09.2026 तक through E-tendering online submission on IREPS, उसी दिन तत्प. चात् खोली जायेगी। वेबसाईट विवरण एवं सूचना पट्ट का स्थान जहां से टेण्डर की पूर्णजानकारी देखी जा सके। **http://www.ireps.in** कैववेसूचनापट्टपर, **NOTE:** The offer can only be accepted through E-Tendering on the website of https://www.ireps.gov.in/, Offer in any other form will not be accepted. The tenderer/bidders must have Class-III Digital Signature Certificate & must be register on IREPS portal. Only registered tenderer/bidders can participate on e-Tendering, All relevant paper must be uploaded at the time of participating in e-Tendering

1344-DO/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

DNA 412031

पूर्व रेलवे

निविदा सं.: एसडीएसटीई-एलएचएस-18-6-सी-ई-18-4, **दिनांक** 16.09.2026; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग रेल म्यूजियम के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं. एसडीएसटीई-एलएचएस-18-6-सी-ई-18-4 के लिए एकल पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **बंद होने की तारीखः** 09.10.2026 को 15.00 बजे। बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा ऐसे प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नामः** हावड़ा मंडल - निम्नलिखित के संबंध में सिग्नलिंग कार्य - अनुसूची ए1- एईएन/केडब्ल्यूएई के अधिकार क्षेत्र के अधीन अनाधिकृत अतिक्रमण वाले स्थान के बदले पीटीएई-एजीएई स्टेशनों के बीच किमी. 89/21-23 पर गेट सं. 18/6/सी/ई पर एलएचएस के निर्माण के लिए सिग्नलिंग लागत। अनुसूची ए2- एईएन/केडब्ल्यूएई के अधिकार क्षेत्र के अधीन अनाधिकृत अतिक्रमण वाले स्थान के बदले पीटीएई-एजीएई स्टेशनों के बीच किमी. 89/21-23 पर गेट सं. 18/6/सी/ई पर एलएचएस के निर्माण के लिए टेलीकॉम लागत। अनुसूची बी1- एईएन/एनडीएई के अधीन बीडीसी-केडब्ल्यूएई अनुभाग में किमी. 88/7-9 पर एलसी गेट सं. 18/4 के स्थान के बदले नए एलएचएस के निर्माण के लिए सिग्नलिंग लागत। अनुसूची बी2- एईएन/एनडीएई के अधीन बीडीसी-केडब्ल्यूएई अनुभाग में किमी. 88/7-9 पर एलसी गेट सं. 18/4 के स्थान के बदले नए एलएचएस के निर्माण के लिए टेलीकॉम लागत। **विज्ञापित मूल्यः** रु. 2,80,64,740.25; **बयाना राशि/बोली सुरक्षाः** रु. 5,61,300; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** रु. 0.00; **प्रस्ताव की वैधताः** 60 दिन। **समापन अवधिः** 12 महीने। **बोली शुरू होने की तारीखः** 25.09.2026। (HWH-339/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

DNA412060

डाक विभाग की फ्रेंचाइजी योजना 2.0 के एजेंट बन रोजगार से जुड़ें

इच्छुक उम्मीदवार 02 अक्टूबर तक डाक विभाग की आधिकारिक वेबसाइट Indiapost.gov.in पर करें ऑनलाइन आवेदन

नवज्योति/जोधपुर। भारतीयडाक विभाग ने आमजन, स्थानीय व्यापारियों और युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए अपनी महत्वाकांक्षी 'फ्रेंचाइजी योजना 2.0' की शुरुआत की है। नई नीति के तहत अब नागरिक डाक विभाग के अधिकृत एजेंट बनकर कमीशन के माध्यम से आकर्षक आय अर्जित कर सकेंगे। जोधपुर मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर सीता राम खत्री ने बताया, विभाग ने पूर्व की फ्रेंचाइजी नीति को अब अधिक व्यावहारिक और लाभकारी बनाया है। जहां पहले फ्रेंचाइजी आउटलेट्स पर केवल डाक बुकिंग की सुविधा थी वहीं अब योजना 2.0 के तहत तीन मुख्य स्तंभों को जोड़ा गया है। इस योजना का मुख्य लक्ष्य ई-कॉमर्स के दौर में डाक विभाग की पहुंच को गली-मोहल्लों तक मजबूत करना और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित करना है। उन्होंने जोधपुर मंडल के इच्छुक युवाओं और उद्यमियों से इस योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

योजना 2.0 के विशेषता

बुकिंग :- स्पीड पोस्ट (डॉक्यूमेंट व पार्सल), इंडिया पोस्ट पार्सल और अंतर्राष्ट्रीय सेवाएं , पिक एंड बुक' सेवा के तहत आर्टिकल्स का घर/ऑफिस से कलेक्शन व डाक विभाग की ओर से आवंटित पार्सलों का वितरण।

फ्रेंचाइजी लेने के लिए ये पात्रता होगी

-- आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए

-- सामान्य फ्रेंचाइजी के लिए 12वीं पास होना अनिवार्य है

-- केवल डिलीवरी कार्य के लिए 10वीं पास होना अनिवार्य है

-- आवेदक के पास वैध पैन कार्ड, कंप्यूटर का सामान्य ज्ञान और स्थानीय व अंग्रेजी भाषा की कार्यात्मक समझ होनी चाहिए

-- डिलीवरी कार्य के लिए स्वयं का वाहन और वैध ड्राइविंग लाइसेंस भी जरूरी है।

इच्छुक उम्मीदवार 02अक्टूबर तक डाक विभाग की आधिकारिक वेबसाइट Indiapost.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं । अधिक जानकारी और विस्तृत SOP के लिए विभागीय वेबसाइट से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं अथवा कार्यालय प्रवर अधीक्षक डाकघर जोधपुर मण्डल में संपर्क कर सकते हैं।

विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद

युवाओं को पीएम के सामने विचार रखने का सुनहरा मौका

नवज्योति/केरू। केरू पंचायत समिति क्षेत्र के ग्राम पंचायत पालड़ी मांगलिया स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को माय भारत जोधपुर की ओर से 'विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद-2027' के लिए जागरुकता एवं माय भारत पोर्टल पर आवेदन कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को इस अभियान से जोड़ना और उन्हें अपने विचार एवं नवाचार नीति निर्धारण तक पहुंचाने का अवसर उपलब्ध कराना रहा।

माय भारत जोधपुर के उप निदेशक भूपेंद्रसिंह शेखावत के निर्देशानुसार माय भारत के वॉलंटियर अरुण कुमार, लक्ष्मण सुथार और भजनलाल ने विद्यार्थियों को कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से माय भारत पोर्टल के माध्यम से 'विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद-2027' आयोजित किया जा रहा हैं। इसमें 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकते हैं।

वॉलंटियर्स ने बताया कि कार्यक्रम के पहले चरण में ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी 17 अगस्त से 30 सितंबर 2026 तक माय भारत पोर्टल पर आयोजित होगी। इसके बाद प्रश्नोत्तरी में शीर्ष 10 प्रतिशत प्रतिभागियों के लिए 5 से 19 अक्टूबर 2026 तक निबंध प्रतियोगिता होगी। इसमें निर्धारित 10 विषयों में से किसी एक विषय पर 500 शब्दों में निबंध लिखना होगा।

इसके बाद चयनित प्रतिभागियों के लिए 10 से 16 नवंबर, 2026 तक जिला स्तरीय चैंपियनशिप आयोजित होगी। जिला स्तर पर शीर्ष दो प्रस्तुतकर्ताओं का चयन राज्य स्तर के लिए किया जाएगा। 17 नवंबर से 7 दिसंबर, 2026 तक राज्य स्तरीय संवाद होगा। चयनित युवा 10 से 12 जनवरी, 2027 तक नई दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा नेतृत्व संवाद में शामिल होंगे।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की आचार्य पुष्पा मीणा, कमलसिंह, मुकेश सहित अन्य अध्यापक एवं सभी विद्यार्थी मौजूद थे। विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में माय भारत पोर्टल पर आवेदन कर कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

7.21 ग्राम स्मैक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, मामला दर्ज

नवज्योति/बोरुंदा। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर सात ग्राम से अधिक स्मैक बरामद की गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर विस्तृत जांच शुरू की। जिला पुलिस अधीक्षक जोधपुर ग्रामीण पंकज यादव ने बताया कि अवैध मादक पदार्थो का परिवहन व बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थानाधिकारी सुजानाराम विश्नोई को खास सूचना मिलने पर कार्यवाही करते हुए पीपाड़ रोड बोरुंदा से एक मोटरसाइकिल पर सवार धनराज पुत्र कन्हैयालाल उम्र 38 साल निवासी माताजी मंदिर के पास न्यू कॉलोनी बोरुंदा व इरफान खान पुत्र अब्दुल गफ्फार उम्र 25 साल कुरेशी निवासी गुलशन कॉलोनी बोरुंदा को दस्तयाब कर तलाशी ली गई तो आरोपियों के पास 7.21 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक मिली। जिस पर स्मैक व मोटरसाईकिल को जब्त कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। कार्यवाही में थानाधिकारी सुजानाराम विश्नोई कांस्टेबल भागीरथ विश्नोई , सुभाष बिश्नोई, हरसुखराम, रामनरेश की विशेष भूमिका रही।

बालेसरः 38 मील पर ईवीएम मशीनों से भरी गाड़ी पलटी, पुलिस कांस्टेबल सहित दो घायल

नवज्योति/बालेसर। जोधपुर-जैसलमेर नेशनल हाईवे पर 38 मील पर ईवीएम मशीनों से भरी गाड़ी पलटी खा जाने से पुलिस कांस्टेबल सहित दो जने घायल हो गए। गनीमत रही कि घायलों को मामूली चोटें आई एवं बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसारगुरुवार रात्रि लगभग 8 बजे के आसपास आगामी पंचायती राज चुनावों को लेकर एक ट्रक ईवीएम मशीनें भरकर जैसलमेर से पाली जा रहा था जो 38 मील पर मवेशियों को बचाने के चक्कर में हाईवे पर पलटी खा गया। जिससे ट्रक में सवार गार्ड पुलिस कांस्टेबल सहित दो जनों को मामूली चोटें आई एवं मामूली रूप से घायल हो गए। सड़क दुर्घटना देखकर हाईवे पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई एवं सामाजिक कार्यकर्ता कृपाराम मुंडन सहित घायलों की सहायता में जुट गए। वहीं दुर्घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची एवं कार्यवाही शुरु की।

मोदी के जन्मदिन पर प्रकाश लोहिया ने एमडीएम में किया रक्तदान

जोधपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर प्रकाश लोहिया ने एमडीएम अस्पताल में रक्तदान किया। उन्होंने प्रधानमंत्री को जन्मदिन की बधाई देते हुए रक्तदान के जरिए सेवा का संदेश दिया। लोहिया ने बताया कि रक्तदान जरूरतमंद मरीजों के लिए उपयोगी होताहै। इसी भावना के साथ उन्होंने प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर रक्तदान करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि रक्तदान के लिए लोगों को आगे आना चाहिए। प्रकाश लोहिया पहले भी कई बार रक्तदान कर चुके हैं। उनका कहना हैकि रक्तदान ऐसा सामाजिक कार्य है, जिसका लाभ सीधे जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचता है।

आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड
(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

Aavas — SAPNE AAPKE SAATH HAMAARA

परिशिष्ट-IV-A नियम 8 (6) के लिए देखें अचल सम्पत्तियों के विक्रय के लिए विक्रय सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के शर्तें व सपठित नियम 8 (6) के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की ई– नीलामी विक्रय सूचना

आमजन को साधारण तथा ऋणी, सहऋणी व जमानतदार को विशेष रूप से एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित बंधक अचल सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** के नाम से ज्ञात जो कि आगे **AFL** सन्दर्भित किया जावेगा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया था को **''जैसे है जहां है'' एवं जो भी है जैसा भी है** के आधार पर ई–नीलामी द्वारा निम्न तालिका में दर्शित बकाया राशि एवं भविष्य का ब्याज, लागत व शुल्क की वसूली हेतु विक्रय किये जाने का निर्णय लिया गया है। यह सूचित किया जाता है ई–नीलामी वेबसाईट **https://sarfaesi.auctiontiger.net** के माध्यम से आयोजित की जावेगी।

ऋण खाता संख्या/ऋणी/ सह-ऋणी/ जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम	बकाया राशि दिनांक	13(2) नोटिस की दिनांक व राशि	कब्जा दिनांक	सम्पत्ति का विवरण	सम्पत्ति का आरक्षित मूल्य	ईएमडी राशि	ई-नीलामी की तिथि व समय	ई-निविदा जमा कराने की तिथि	ई-नीलामी निविदा खोलने व जमा कराने का स्थान	सम्पर्क सूत्र, संपत्ति विजिट दिनांक व समय
खाता सं. : LNSHH03018-190099281 गोपाल लाल सैनी, सुनीता देवी	₹ 1175714/- बकाया दिनांक 16 सितम्बर 2026	22 जनवरी 2022 ₹ 612864/- बकाया दिनांक 11 जनवरी 2022	21 अगस्त 2026	फ्लेट नं. 321 पर स्थित सम्पत्ति, दूसरी मंजिल, सी–ब्लॉक, गिन्नी होम्स, खसरा नं. 1310/1, 1311, 1655 व 1312, खेतड़ी मोड़, शाहपुरा, जयपुर, राजस्थान **क्षेत्रफल 350 वर्ग फीट**	₹ 675500/-	₹ 67550/-	प्रातः11 बजे से दोपहर 1 बजे तक दिनांक 21 अक्टूबर 2026	20 अक्टूबर 2026 तक या इससे पहले	पहली मंजिल, कोटक महिन्द्रा बैंक, पलसानिया पेराडाईज, महालक्ष्मी सिनेमा के पास, एनएच–8, शाहपुरा–303103, राजस्थान –भारत	रमेश जाट–9376045878 सम्पत्ति का दौरा करने की दिनांक 19 अक्टूबर 2026 प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक
खाता सं. : LNSHP03020-210166843 नांची देवी, कैलाश चन्द जाट	₹ 1246383/- बकाया दिनांक 16 सितम्बर 2026	07 जून 2022 ₹ 629498/- बकाया दिनांक 06 जून 2022	21 अगस्त 2026	फ्लेट नं. 204, तीसरी मंजिल, शाहपुरा ब्लॉक सी, गिन्नी होम्स, बड़ी कोठी, खेतड़ी मोड़, शाहपुरा, जयपुर राजस्थान **क्षेत्रफल 350 वर्ग फीट**	₹ 738500/-	₹ 73850/-	प्रातः11 बजे से दोपहर 1 बजे तक दिनांक 21 अक्टूबर 2026	20 अक्टूबर 2026 तक या इससे पहले	पहली मंजिल, कोटक महिन्द्रा बैंक, पलसानिया पेराडाईज, महालक्ष्मी सिनेमा के पास, एनएच–8, शाहपुरा–303103, राजस्थान –भारत	रमेश जाट–9376045878 सम्पत्ति का दौरा करने की दिनांक 19 अक्टूबर 2026 प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक
खाता सं. : LNSHH03018-190099533 प्रकाश चन्द्र जाट, केसर देवी जाट	₹ 1141670/- बकाया दिनांक 16 सितम्बर 2026	07 जून 2022 ₹ 605782/- बकाया दिनांक 06 जून 2022	21 अगस्त 2026	फ्लेट नं. 213, पहली मंजिल, ब्लॉक–सी, खसरा नं. 1310/1, 1311, 1655 व 1312, गिन्नी होम्स शाहपुरा, जयपुर राजस्थान **क्षेत्रफल 350 वर्ग फीट**	₹ 675500/-	₹ 67550/-	प्रातः11 बजे से दोपहर 1 बजे तक दिनांक 21 अक्टूबर 2026	20 अक्टूबर 2026 तक या इससे पहले	पहली मंजिल, कोटक महिन्द्रा बैंक, पलसानिया पेराडाईज, महालक्ष्मी सिनेमा के पास, एनएच–8, शाहपुरा–303103, राजस्थान –भारत	रमेश जाट–9376045878 सम्पत्ति का दौरा करने की दिनांक 19 अक्टूबर 2026 प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक
खाता सं. : LNSHH03018-190097331 राजेन्द्र सिंह, ममता कंवर	₹ 1317316/- बकाया दिनांक 16 सितम्बर 2026	08 सितम्बर 2021 ₹ 569570/- बकाया दिनांक 02 सितम्बर 2021	21 अगस्त 2026	ईडब्ल्यूएस/फ्लेट नं. 409, तीसरी मंजिल, सी–ब्लॉक, गिन्नी होम्स स्कीम, खसरा नं. 1310/1, 1311, 1655 व 1312, गांव शाहपुरा, जयपुर राजस्थान **क्षेत्रफल 350 वर्ग फीट**	₹ 675500/-	₹ 67550/-	प्रातः11 बजे से दोपहर 1 बजे तक दिनांक 21 अक्टूबर 2026	20 अक्टूबर 2026 तक या इससे पहले	पहली मंजिल, कोटक महिन्द्रा बैंक, पलसानिया पेराडाईज, महालक्ष्मी सिनेमा के पास, एनएच–8, शाहपुरा–303103, राजस्थान –भारत	रमेश जाट–9376045878 सम्पत्ति का दौरा करने की दिनांक 19 अक्टूबर 2026 प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक
खाता सं. : LNKTA02916-170039626 राम चन्द, धापू बाई जमानतदार : संतोष कुमार	₹ 1303682/- बकाया दिनांक 16 सितम्बर 2026	04 फरवरी 2025 ₹ 877243/- बकाया दिनांक 03 फरवरी 2025	20 अगस्त 2026	सर्वे नं. रे 073/913 पर मकान, बापू नगर कोटा, जिला कोटा, राजस्थान (भारत)–324008/ **क्षेत्रफल 78.54 वर्ग गज**	₹ 2470396/-	₹ 247039.6/-	प्रातः11 बजे से दोपहर 1 बजे तक दिनांक 21 अक्टूबर 2026	20 अक्टूबर 2026 तक या इससे पहले	पहली मंजिल, 4–बी–7, तलवंडी सर्किल के पास, बर्थुनिया क्लीनिक, तलवंटी, कोटा–324005 राजस्थान –भारत	रमेश जाट–9376045878 सम्पत्ति का दौरा करने की दिनांक 19 अक्टूबर 2026 प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक
खाता सं. : LNSHH03017-180071259 सुरेश कुमार कसाना, श्रवण देवी	₹ 1202061/- बकाया दिनांक 16 सितम्बर 2026	22 जनवरी 2022 ₹ 566982/- बकाया दिनांक 11 जनवरी 2022	21 अगस्त 2026	फ्लेट नं. 322 पर स्थित सम्पत्ति, दूसरी मंजिल, ब्लॉक–सी, गिन्नी होम्स वार्ड नं. 03, गांव शाहपुरा पर स्थित जिला जयपुर राजस्थान **क्षेत्रफल 350 वर्ग फीट**	₹ 675500/-	₹ 67550/-	प्रातः11 बजे से दोपहर 1 बजे तक दिनांक 21 अक्टूबर 2026	20 अक्टूबर 2026 तक या इससे पहले	पहली मंजिल, कोटक महिन्द्रा बैंक, पलसानिया पेराडाईज, महालक्ष्मी सिनेमा के पास, एनएच–8, शाहपुरा–303103, राजस्थान –भारत	रमेश जाट–9376045878 सम्पत्ति का दौरा करने की दिनांक 19 अक्टूबर 2026 प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक

ई–निलामी बिक्री के नियम और शर्तेः–
(1.) बंधक परिसंपत्ति की ई–नीलामी बिक्री AFL सुरक्षित लेनदार द्वारा ''जैसा है, जहां है, ''जैसा है वैसा, ''जो कुछ भी है और'' नो रिकोर्स के आधार पर की जायेगी उक्त सम्पत्ति पर कोई ज्ञात प्रभार नहीं है। (2.) ऑनलाइन ई–निलामी की बिक्री में भाग लेने के लिए, बोली दस्तावेज, पैन कार्ड की प्रतियां, कम्पनी और फोटो आईडी, कम्पनी के मामले में बोर्ड रिजोल्यूशन, पते का प्रमाण पत्र ईएमडी के साथ, **जो आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड के नाम से देय है, चालू खाता संख्या 00548470000107** AAAVAS FINANCIERS LIMITED पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर – 302020 **IFSC कोड : HDFC0000054** में जमा करना आवश्यक है, एक बार ऑनलाइन बोली सबमिट करने के बाद, उसे वापस नहीं लिया जा सकता है। आगे बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत किसी भी ईएमडी को निम्नलिखित ईमेल आईडी यानी **auction@aavas.in** पर रद्द किए गए चेक की कॉपी के साथ **आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी की यूटीआर/रेफरेन्स नंबर/डीडी नं.** भेजने की आवश्यकता होगी। (3.) सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीकर्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि ई–निलामी की बिक्री की कार्यवाही में भाग लेने, जानकारी और शर्तों के लिए **वेबसाईट** https://sarfaesi.auctiontiger.net & **https://aavas.in/sarfaesi-sale-notices** अवश्य देखें। ई–नीलामी, सहायता प्रक्रिया, ऑनलाईन प्रशिक्षण और अधिक जानकारी के लिए **ई–मेल auction@aavas.in** व **ramprasad@auctiontiger.net**, **मोबाईल नं. 8000023297** पर सम्पर्क करें। **(आवास सम्पर्क सूत्र : रमेश जाट– 9376045878, मोहम्मद कलीम–7849821425)**
नोटः– यह सूचना पत्र ऋणी/जमानती/बंधककर्ता के लिये नियम 8(6) सहपठित नियम 9(1) के अधीन 30 दिवस का सूचना पत्र माना जायेगा। यदि बैंक को देय राशि की अदायगी उनके द्वारा इस अवधि में नहीं की जाती है तो उक्त संपत्ति निविदा द्वारा उपरोक्त दिनांक पर विक्रय की जाएगी।

स्थान : राजस्थान — **दिनांकः 18.09.2026** — **प्राधिकृत अधिकारी आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड**

DNJ-412044